Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 28-04-2007

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

an>

Title: Reported loss of life and property of SCs in a fire accident at village Amrokh, Tehsil Moth, Jalaun Garotha Parliamentary Constituency, U.P.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए धन्यवाद। हमारे लोक सभा क्षेत्र जालौन गरौठा, तहसील मोठ, ग्राम अमरोख, उत्तर प्रदेश में 26 तारीख को करीब एक बजे आग लग जाने से एक महिला और दो बच्चों की मृत्यु हो गई। साथ ही साथ करीब एक दर्जन लोगों के मकान जल गए। *(Interruptions)* …* वहां उन्हें अभी कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। हमारी केन्द्र सरकार से मांग है…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: The reference to the UP Government will not form part of the record.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा : वहां जो मकान जल गए हैं।…(व्यवधान) यह कहा जा रहा है कि वहां मकान जला दिए गए हैं, इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जिनके मकान जले हैं और जो बच्चे जल गए हैं, उन्हें ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिया जाए और साथ ही यह जांच कराई जाए कि ये जो अनुसूचित जाति के लोग हैं, उनके घर में कहीं यह आग लगाई तो नहीं गई है। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए धन्यवाद।